YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 18.04.2018

DAINIK JAGRAN

प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति किया जागरूक

जासं, फरीदाबाद: वाईएमसीए विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों ने मंगलवार को वसुंधरा सोसायटी में प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। यह अभियान 22 अप्रैल को होने वाले विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के वसुंधरा सोसायटी द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार • जागरण

अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर से की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मुद्दों के प्रति जागरूकता एक ऐसा विषय है, जिस पर पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों को अहम भूमिका निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि प्लास्टिक की बैग एवं बोतलों उपयोग न करें। कुलपति ने पर्यावरण विज्ञान के संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों से कहा कि वह विश्वविद्यालय में प्लास्टिक के उपयोग को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित करें। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो.राज कुमार भी उपस्थित थे। पर्यावरण विज्ञान पाठ्यक्रम की संयोजक डॉ. रेनुका गुप्ता ने बताया कि यह अभियान विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है और इस कड़ी में 19 अप्रैल को विशेषज्ञ व्याख्यान, पोस्टर प्रदर्शनी तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

AMAR UJALA

वाईएमसीए में प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगो को जागरुक करने के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान।

प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया

फरीदाबाद। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थी की सोसायटी 'वसुंधरा' द्वारा इस अभियान की पहल की गई है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वह पर्यावरण जागरूकता के लिए आगे आएं। अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर से की और पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। ब्यूरो

NEWS CLIPPING: 18.04.2018

PUNJAB KESARI

प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

फरीदाबाद, 17 अप्रैल (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थी की सोसायटी 'वसुंधरा' द्वारा 22 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है।

अभियान की शुरुआत आज कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर से की तथा पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण मुद्दों के प्रति जागरुकता एक ऐसा विषय है, जिस पर पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों को अहम भूमिका निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि प्लास्टिक की बैग एवं बोतलों उपयोग न करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

वाईएमसीए में हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए कुलपति दिनेश कुमार।

कुलपति ने पर्यावरण विज्ञान के संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों से कहा कि वे विश्वविद्यालय में प्लास्टिक के उपयोग को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित करें और इस दिशा में उचित कदम उठाये। इस अवसर पर मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार भी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 18 April 2018
epaper.punjabkesari.in//c/27996686

NEWS CLIPPING: 18.04.2018

NAVBHARAT TIMES

22 को मनाएंगे पृथ्वी दिवस, चलाया हस्ताक्षर अभियान

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थी की सोसायटी वसुंधरा की ओर से 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। इससे पहले प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया।

कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर से शुरुआत करते हुए विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्लास्टिक के उपयोग को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रफेसर राज कुमार भी उपस्थित थे। पर्यावरण विज्ञान की संयोजक डॉ. रेनूका गुप्ता ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है और 19 अप्रैल को विशेषज्ञ व्याख्यान, पोस्टर प्रदर्शनी तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।